प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

हिमाचल प्रदेश–बस दुर्घटना

सिरमौर जिला के दूरदराज क्षेत्र हरिपुरधार के पास कल हुई निजी बस दुर्घटना में मृतकों की संख्या 14 हो गई है। जबकि 52 अन्य घायल हुए हैं। बस में 66 यात्री सवार थे। घायलों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है।

*सोलन से हरिपुरधार जा रही एक निजी बस कल दोपहर सिरमौर जिले के हरिपुरधार के पास गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में 14 लोगों की जान चली गई, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 66 यात्री सवार थे।*

*घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के साथ–साथ पुलिस और प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और विस्तृत जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50–50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

पंचायती राज–बैठक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के उन पात्र ग़रीब परिवारों को पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध करवाएगी, जो अभी भी कच्चे मकानों में रह रहे हैं। कल पंचायती राज विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अतिनिर्धन परिवारों के चयन के लिए किए गए सर्वेक्षण के प्रथम चरण में 27 हजार 715 परिवारों को शामिल किया गया है। ये वे परिवार हैं जो पिछले 20 वर्षों से आईआरडीपी में शामिल थे, परन्तु उन्हें अभी तक पक्का मकान नहीं मिला है। प्रथम चरण के सर्वेक्षण में आय सीमा 50 हज़ार रुपये निर्धारित की गई थी। इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया गया था जिनके पास पक्का घर उपलब्ध है। सर्वे के दूसरे चरण में उन परिवारों को भी शामिल किया गया है जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में निर्धन परिवारों की श्रेणी में अनाथ, दिव्यांग और विधवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे इन परिवारों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। ये सर्वेक्षण चौथे और पांचवें चरण में भी किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इस सूची में शामिल किया जा सके।

संसद – बजट सत्र

संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख़ से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा।

डिजिटल कृषि मिशन

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि क्षेत्र में सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में सुधार लाने के लिए नीतिगत निर्णय लेने और डिजिटल अर्थव्यवस्था में कृषि यांत्रिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजिटल कृषि मिशन शुरू किया गया है। इस मिशन के अंतर्गत एक व्यापक कृषि–केंद्रित डिजिटल डेटाबेस स्थापित किया जाएगा जिसमें देश भर के प्रत्येक किसान के कृषि संबंधी आंकड़े दर्ज होंगे। ऊना जिला में भी इस रबी के मौसम से डिजिटल कृषि मिशन के लिए किसानों का पंजीकरण आरंभ हो गया है।

*कृषि क्षेत्र को आधुनिक पारदर्शी व किसान हितैशी बनाने हेतू उना जिले में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के डिजिटल कृषि मिशन पर कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस मिशन के अंतर्गत किसानों को सुविधा हो और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचे। इसके लिए डिजिटल किसान रजिस्ट्री तैयार होगी । प्रत्येक डिजीटल किसान की एक विशिष्ठ आई डी बनाई जायेगी जिसके साथ इस किसान की पहचान कृषि भूमि और लगाई गई फसलों का ब्योरा लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से ऑनलाईन निशुल्क दर्ज होगा। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के लभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर इस मिशन से जोड़ा जायेगा। आकाशवाणी के लिए उना से राजेश शर्मा*

एंटी चिट्टा पैट्रोलिंग

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला से पुलिस विभाग के 18 अत्याधुनिक एंटी–चिट्टा एवं पैट्रोल वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में 12 एंटी चिट्टा वाहन, चार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग वाहन तथा बचाव अभियान के लिए दो एंबुलेंस शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के ख़िलाफ़ लड़ाई में तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।